Email : gcpiparcity@gmail.com **02930-234600**

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड़ सिटी

पुलिस स्टेशन के सामने, खेजड़ला रोड़ पीपाड़ शहर, 342601 जिला–जोधपुर

दिनांक : **22/09/2022**

देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण विषयक भाषण प्रतियोगिता

देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण विषयक भाषण प्रतियोगिता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

पीपाड़सिटी . युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस 2023 के एक भाग के रूप में देश भक्ति और राष्ट्र निर्माण व नागरिकों में कर्तव्य की भावना थीम पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया।

सह आचार्य डॉ. कमलजीत मेहता ने कहा कि हर शिक्षक का कर्तव्य है कि हम युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में ले जाएं। बच्चों में ऐसे गुण विकसित करें जो आगे चल कर यही बालक देश प्रेमी की भूमिका का निर्वहन करे। सहायक आचार्य किरण चौधरी ने बताया कि देशभक्त के लिए मातृभूमि का मतलब स्वर्ग से ज्यादा है। यह केवल देशभक्तों के बलिदान, समर्पण और योगदान है जो देश को विकसित और समृद्ध बनाता हैं। नेहरू युवा केंद्र जोधपुर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक अनिल सांखला ने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा प्रतियोगियों ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से देश प्रेम प्रकट किया, स्वच्छता अभियान,पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण बातों की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुऐ कहा कि इन सब का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य हैं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रिषिका सोनी, द्वितीय रीना कच्छावाह, तृतीय स्थान पर सरस्वती रही, इनको आयोजन समिति ने सम्मानित किया।निसं